53 वर्ष पुराना दैनिक समाचार पत्र पंजीयक-पंजीयन संख्या-25059/73(79) डाक पंजीकरण संख्या UP/BR-195/2022-24 Web : muzaffarnagarbulletin.co.in

यह मुज़फ्फ़रनगर है...

न्यूनतम 10.1°c अधिकतम 22.0 °c

**अमृतवाणी**

कर्म करने में आपकी मनमानी चल सकती है, फल भोगने में नहीं।

# मुज़फ्फ़रनगर बुलेटिन

सम्पर्क सूत्र : 9368549219, 8077929606 संस्थापक : स्व. उत्तम चन्द्र शर्मा रोजाना आपकी सुबह की चाय पर

कांग्रेस के लिए 'फैमली फर्स्ट' हमारे लिए 'राष्ट्र फर्स्ट' : मोदी



सूर्योदय : 7:04 सूर्यास्त-6:02 वर्ष : 53/ अंक : 37 शुक्रवार, 07 फरवरी 2025 माघ, शुक्ल पक्ष, दशमी सम्वत् 2081 मूल्य 3 रुपये कुल पृष्ठ-4

पसन्द अपनी-अपनी.... ख़्याल अपना-अपना....

# वाह जी वाह.... सौंदर्यकरण के नाम पर पैसे देंगे दुकानदार, वाहवाही लूटेगा 'एमडीए'

**मुजफ्फरनगर, 06 फरवरी (बु.)।** हाल ही में मुजफ्फरनगर विकास प्राधिकरण द्वारा फसाड नियंत्रण नियम के अनुसार महावीर चौक से प्रकाश चौक तक पायलेट प्रोजेक्ट के रूप में चुना गया था, जिसमें महावीर चौक से प्रकाश चौक तक की सभी दुकानों पर एक कलर से सौंदर्यकरण कराये जाने की योजना बनाई गयी थी, जिसके नोटिस भी दुकानदारों को दिये जा चुके हैं। मगर बड़ा सवाल यह है कि दुकानदार आखिर अपना पुराना लाखों रुपये खर्च कर किया गया सौंदर्यकरण क्यों हटाएं और अपने ही पैसे खर्च करके नया सौंदर्यकरण किस आधार पर करायें। एमडीए को सौंदर्यकरण करना है तो वह अपने पैसे से क्यों नहीं करा सकता। ये सब सवाल दबी जुबां में वहां बैठे दुकानदार करते दिखाई दे रहे हैं। उनका कहना है कि एमडीए जोर जबरदस्ती करके तो कुछ भी करा सकता है, मगर यह बात न्यायोचित नहीं है कि अपना नाम कमाने के लिए दुकानदारों पर लाखों रुपये खर्च कराये जा रहे हैं।





बड़ी बात यह है कि महावीर चौक से प्रकाश चौक तक के सत्तर प्रतिशत दुकानदारों ने सौंदर्यकरण लाखों रुपये की लागत लगाकर पहले से ही कराया हुआ है। उसमें चाहे फर्नीचर वाले हों, चाहे डॉक्टर हों, इलेक्ट्रोनिक सामान के विक्रेता हों या फिर होटल और रेस्टोरेंट स्वामी ही क्यों न हों? क्यों कोई दोबारा पैसे खर्च करके सौंदर्यकरण करायेगा और उसकी वाहवाही एमडीए लूटेगा। योजना सरकार की चाहे जो भी हो, मगर सौंदर्यकरण का नाम योजना को तभी दिया जाता है, जब सरकार अपने पल्ले से पैसे खर्च करके कुछ करके दिखाए। अपने नियम-कानून बनाकर दुकानदारों से पैसा लेकर सौंदर्यकरण कराने का कोई औचित्य यहां दिखाई नहीं देता, फिर चाहे प्राधिकरण को लखनऊ का हजरतगंज, दिल्ली का कनाट पैलेस या जयपुर का पिंक सिटी या फिर देहरादून का पलटन बाजार बनाना हो, चाहे जो भी हो वह अपने पैसे खर्च करके और सहर्ष जितना चाहे उतना सौंदर्यकरण कराये।

## एक से दस लाख रुपये लगाकर दुकानदारों ने करा रखा है सौंदर्यकरण

**मुजफ्फरनगर, 06 फरवरी (बु.)।** जब दुकानदार अपनी दुकान अथवा शोरूम खोलता है तो अपनी दुकान के फ्रंट को सबसे खूबसूरत बनाता है, वह इसलिए कि ग्राहक बाहर की खूबसूरती से आकर्षित हो और बाद में दुकान अथवा शोरूम के अंदर जाकर खरीदारी करे। शायद प्राधिकरण इस बात से अंजान है कि महावीर चौक से प्रकाश चौक के बीच दुकानदारों का जो ग्लो साइन बोर्ड लगा हुआ है, उसकी कीमत कम से कम एक लाख रुपये से शुरू होती है और बोर्ड के अतिरिक्त का खर्चा यदि प्राधिकरण सुन लेगा तो शायद यकीन नहीं आएगा कि शोरूम मालिकों ने अपनी दुकान के बाहर दस लाख रुपये तक की लागत लगाकर उन्हें शीशे, एल्यूमीनियम आदि की शीटों से कवर कराया हुआ है। ऐसे में उन दुकानदारों के दिल पर कितना जोर पड़ेगा, जो दुकानदार अपना लाखों की कीमत का सौंदर्यकरण हटाकर एमडीए को खुश करने के लिए अपना लाखों का नुकसान करेंगे। कुल मिलाकर दुकानदारों को यह विषय औचित्यहीन इसलिए लग रहा है, क्योंकि उन्हें इस बात की कोई आवश्यकता नहीं है, जिस एमडीए को इसकी आवश्यकता है, वह या तो अपने खर्च से इस सौंदर्यकरण को अंजाम दे या फिर अपनी योजना किसी और ऐसे मार्ग पर लागू करे जो दीनहीन हालत में हो। अन्यथा की स्थिति में दुकानदार फिलहाल इस सौंदर्यकरण के लिए तैयार नहीं दिख रहे हैं।

## मुजफ्फरनगर के छोरे यहां भी पीछे नहीं

## अमेरिका से वापस भेजे गये भारतीयों में दो लोग अपने जनपद के भी

**मुजफ्फरनगर, 06 फरवरी (बु.)।** पूरे देश में ही नहीं पूरे विश्व में मुजफ्फरनगर अपने कारनामों के लिए मशहूर है। अमेरिका से वापस भेजे गये 104 भारतीयों में मुजफ्फरनगर का नम्बर भी शामिल है। अवैध रूप से अमेरिका में रहने के आरोप में मुजफ्फरनगर का छोरा देवेन्द्र व रक्षित बालियान भी शामिल है, जिनमें रक्षित बालियान शाहपुर का रहने वाला है और वहीं देवेन्द्र सिंह पुरकाजी थानाक्षेत्र के मारकपुर का रहने वाला है। देवेन्द्र सिंह का बताना है कि वह 29 नवम्बर को यहां से थाईलैंड, फिर वहां से वियतनाम और वियतनाम से चीन के साल्वाडोर गया था। देवेन्द्र के अनुसार वहां पहुंचते ही जिनके माध्यम से वें गये थे उन्होंने पैसे की डिमांड की। 35 से 40 लाख रूपये की रकम देकर वह अमेरिका गया था, लेकिन साल्वाडोर पहुंचने के बाद उन्होंने पैसों की ओर डिमांड की और कहा कि जब तक पैसे उपलब्ध नहीं कराये जायेंगे उन्हें आगे नहीं ले जाया जायेगा। उसके अनुसार उसे दो दिन रोकने के बाद आर्टिबुल लेकर गये। पैसे की डिमांड पूरी होने के बाद वह अंत में मैक्सिको पहुंच गये, जहां उनकी बीएमआर डयूटी आयी हुई थी। वहां पहुंचने के बाद उन्हें पकड़ लिया गया और अमेरिका पुलिस की हिरासत में रखा गया, जहां उससे लगातार पूछताछ हुई, तो उसने पूरी कहानी अमेरिकी पुलिस को बताई कि देवेन्द्र की पत्नी का नाम हसमित कौर है और उसके दो बेटे अंशदीप व वंशदीप है। वहीं दूसरा नौजवान रक्षित बालियान है, जो रसूलपुर जाटान का रहने वाला है। रक्षित सात माह से अमेरिका की एक कम्पनी में नौकरी कर रहा था। रक्षित के पिता सुधीर बालियान सेना से निवृत्त हैं। उसके पिता सुधीर बालियान का कहना है कि बेटे की वापसी से उनको कोई निराशा नहीं है। वह अब भी उसे अच्छी शिक्षा दिलाकर आगे बढ़ाने का काम करेंगे।



### हाथों-पैरों में जंजीरे डालकर छोड़े गये अमेरिका से भारतीय

**मुजफ्फरनगर, 06 फरवरी (बु.)।** 104 भारतीयों में वापस लौटे पुरकाजी क्षेत्र के मारकपुर के रहने वाले देवेन्द्र ने बताया कि वहां का कानून कितना सख्त है। उसने बताया कि अमेरिका बार्डर पर स्थित 15 फीट दीवार पर लोहे की सीढ़ी लगाकर माफियाओं ने उन्हें मैक्सिकों तो भेज दिया था, लेकिन जब वहां की आर्मी ने उन्हें गिरफ्तार किया तो कोई कोताही नहीं बरती। उन्होंने हाथ-पैरों में जंजीरे डालकर प्लेन से भारत के लिए रवाना किया।

## अलग-अलग ट्रेन हादसों में दो युवकों की मौत

**मुजफ्फरनगर, 06 फरवरी (बु.)।** गुरूवार को अलग-अलग दो ट्रेन हादसों में दो युवकों की मौत हो गयी। पहला हादसा थाना सिविल लाइन क्षेत्र में मॉडल टाउन कॉलोनी के पीछे सुबह लगभग छह बजे घटित हुआ, जिसमें हादसे में युवक की मौत हो गयी। उक्त युवक की पहचान मृतक की जेब से मिले आधार कार्ड के आधार पर मनोज कुमार निवासी पल्लवपुरम मेरठ के रूप में हुई। पुलिस की मानें तो उक्त युवक बुधवार को अपने घर से लापता हो गया था तथा परिजन उसकी तलाश में जुटे हुए थे। परिजनों को दुर्घटना के बाद इसकी सूचना दी गयी वहीं दूसरा हादसा दोपहर के समय संधावली अंडर पास के निकट हुआ। यहां भी ट्रेन की चपेट में आकर युवक की मौत हो गयी। उक्त युवक की शिनाख्त शौकीन निवासी सांझक, थाना शाहपुर के रूप में हुई। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया। हादसों की सूचना पहुंचते ही दोनों मृतकों के परिवार में कोहराम मच गया।



## रामपुर तिराहा कांड में खतौली के तत्कालीन हैड कांस्टेबल महेन्द्र के हुए बयान दर्ज

**मुजफ्फरनगर, 06 फरवरी (बु.)।** 1 अक्टूबर 1994 की रात पृथक राज्य की मांग को लेकर दिल्ली जा रहे उत्तराखण्ड के आन्दोलनकारियों को पुलिस ने रामपुर तिराहे पर रोक लिया था। आरोप था कि पुलिस की ओर से आन्दोलनकारियों पर फायरिंग की गयी, जिसमें सात लोगों की मौत हो गयी थी। इतना ही नहीं उक्त घटना में महिलाओं से छेड़छाड़ व दुष्कर्म के मामले भी सामने आए थे। इस मामले में हाईकोर्ट के आदेश के बाद सीबीआई की ओर से सात मुकदमे दर्ज कराए गए थे। उत्तराखण्ड संघर्ष समिति के अधिवक्ता अनुराग वर्मा, रिंकू वर्मा व रजनीश चौहान ने जानकारी देते हुए बताया कि रामपुर तिराहा कांड से जुड़े सरकार बनाम एसपी मिश्रा में गुरूवार को खतौली थाने के तत्कालीन हैड कांस्टेबल महेन्द्र सिंह कोर्ट में पेश हुए जहां सीबीआई ने उनसे जिरह की। हैड कांस्टेबल ने बताया कि वह एसपी मिश्रा के साथ मौजूद थे तथा इस दौरान एसपी मिश्रा न तो कहीं गए और न ही वे किसी शव को ठिकाने लगाने के लिए कहीं गए। घटना के दौरान एसपी मिश्रा व संजय सिंह भी घायल हुए थे मगर वे किस तरह से घायल हुए, इसकी जानकारी उन्हें नहीं है। वहीं सरकार बनाम बृजकिशोर मामले में भी सीबीआई ने अपनी बहस की। दोनों मामले में सुनवाई के लिए कोर्ट ने फरवरी की तिथि नियत की है।

## नाबालिग के अपहरण व दुष्कर्म के मामले में बीस साल की सजा

**मुजफ्फरनगर, 06 फरवरी (बु.)।** शहर कोतवाली क्षेत्र के मौहल्ला निवासी एक व्यक्ति द्वारा 28 जून 2020 को रिपोर्ट दर्ज कराते हुए बताया था कि उसकी नाबालिग भतीजी को मलीरा निवासी सूरज ने बहला फुसलाकर अपहरण कर लिया था। उक्त मामले में पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरू कर दी थी और कुछ दिनों के बाद आरोपी को गिरफ्तार कर पीड़िता को भी बरामद कर लिया था। बरामदगी के बाद पीड़िता ने कोर्ट में अपने बयान देते हुए बताया था कि आरोपी सूरज ने उसके साथ दुष्कर्म किया है। बयानों के बाद पुलिस ने आरोपी के खिलाफ अपहरण व दुष्कर्म की धाराओं में चार्जशीट दाखिल की थी। इस मामले की सुनवाई पॉक्सो कोर्ट में हुई और न्यायालय ने दोनों पक्षों की बहस सुनने के बाद आरोपी सूरज को बीस साल की सजा व पन्द्रह हजार रुपये का अर्थदण्ड दिया है।



# भोपा रोड पर प्रदूषण विभाग की टीम ने फैक्ट्री पर मारा छापा

**प्रतिबंधित पॉलीथीन जलती हुई मिलने पर की कार्रवाई ▸ 5 हजार का जुर्माना वसूला, कानूनी कार्रवाई की तैयारी**

**मुजफ्फरनगर, 06 फरवरी (बु.)।** डीएम से की गई शिकायत के आधार पर बीते दिवस भाजपा नेता के रिश्तेदार की फैक्ट्री पर आकस्मिक जांच के लिए पहुंची प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड की टीम को फैक्ट्री नियमों की कसौटी पर अवैध रूप से संचालित होते हुए मिली। इसके साथ ही फैक्ट्री प्रतिबंधित प्लास्टिक के साथ पॉलीथिन का वेस्ट ईंधन के रूप में प्रयोग होते हुए मिली। प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड ने उक्त फैक्ट्री पर कार्यवाही के साथ जुर्माना लगाते हुए अपनी रिपोर्ट जिला प्रशासन को भेज दी है। विभागीय टीम द्वारा की गई कार्यवाही से क्षेत्र में हड़कंप मचा है।



जिला प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के अफसरों की सख्ती एवं तमाम दावों के बावजूद मुजफ्फरनगर जनपद में प्रतिबंधित ईंधन जलाने की घटनाएं कम नहीं हो रही है। इसके साथ अवैध रूप से जिले में फैक्ट्रियों को भी संचालित कर नियमों की अनदेखी किए जाने के मामले प्रकाश में आ रहे हैं। वहीं इससे जनपद में प्रदूषण का स्तर भी बढ़ता जा रहा है। ऐसा ही एक मामला आकस्मिक जांच के दौरान बीते दिवस सामने आया है। हाल ही में जिलाधिकारी उमेश मिश्रा को शिकायत की गई थी कि भोपा रोड पर एक फैक्ट्री में प्रतिबंधित ईंधन जलाया जा रहा है, जिससे उक्त क्षेत्र में प्रदूषण बढ़ रहा है। डीएम उमेश मिश्रा से हुई इस शिकायत के आधार पर एसडीएम सदर निकिता शर्मा को जांच करने के निर्देश दिए थे। एसडीएम सदर निकिता शर्मा ने प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के क्षेत्रीय अधिकारी को मिली शिकायत के आधार पर कार्यवाही करने एवं रिपोर्ट देने के लिए लिखा। इस पर यूपी प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड की टीम ने एनएच-58 पर भोपा रोड ओवर ब्रिज के पास ग्राम बिलासपुर में स्थित एक फैक्ट्री पर छापा मारा, जहां बिना अनुमति एवं बिना एनओसी के फैक्ट्री का संचालन होता पाया गया। इसके साथ ही फैक्ट्री में निरीक्षण के दौरान प्रतिबंधित ईंधन भी जलता हुआ पाया गया। विभागीय सूत्रों ने बताया कि ये फैक्ट्री भाजपा नेता के रिश्तेदार नवनीत मित्तल पुत्र नंदकिशोर निवासी मौ. पीठ बाजार नई मंडी की है। प्रदूषण विभाग की उक्त कार्यवाही से क्षेत्र में हड़कंप मचा है। मामले में प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के क्षेत्रीय अधिकारी अंकित सिंह द्वारा एसडीएम सदर निकिता शर्मा को भी रिपोर्ट प्रेषित कर दी गई। इस रिपोर्ट में बताया गया है कि प्रदूषण विभाग की टीम द्वारा किए आकस्मिक निरीक्षण के दौरान इस फैक्ट्री में टीम को मौके पर दो भट्टियों में से एक चालू हालत में मिली, जिसमें वुड चिप्स और खोई के अलावा प्रतिबंधित ईंधन जैसे प्लास्टिक व पॉलीथिन वेस्ट जलाए जा रहे थे। वहीं फैक्ट्री से निकलने वाले खतरनाक धुएं के कारण आसपास के लोगों में बेहद नाराजगी थी। इस फैक्ट्री में बूरा और इलायची-मीठा दाना बनाने का काम किया जाता है। इसके संचालन के लिए राज्य बोर्ड से अनुमति लिये बिना ही निर्माण कार्य किया जा रहा था। प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड की टीम द्वारा उक्त फैक्ट्री पर पांच हजार रुपये का जुर्माना लगाने के साथ कार्यवाही करने की बात कही गई है।

## देर शाम बाइक सवारों से मारपीट के बाद लूटपाट

**भोपा, 06 फरवरी (बु.)।** थाना क्षेत्र में बदमाशो ने सरेशाम तांडव मचाते हुए उत्तराखंड से फेरी का काम कर लौट रहे दो भाइयों सहित तीन लोगों से मारपीट कर लूटपाट की घटना को अंजाम दे दिया। सूचना पर दो थानों की पुलिस ने मौके पर पहुंचकर मामले की जांच पड़ताल शुरू कर दी है। भोपा थाना क्षेत्र के गांव गादला निवासी गुलजार, तौकीर पुत्रगण अफजल उत्तराखंड के देहरादून क्षेत्र में प्लास्टिक की कुर्सी बेचने का काम करते हैं। गुरुवार देर शाम दोनों भाई देहरादून से वापिस अपने गांव आ रहे थे। थाना छपार क्षेत्र के गांव बसेड़ा तक वह बस के माध्यम से पहुंचे, जिसके बाद बसेड़ा में उन्हें गांव का ही व्यक्ति महबूब मिल गया। शाम को सवारी की सुविधा ना मिलने पर दोनों भाई भी महबूब की बाइक पर सवार होकर गांव लौट रहे थे। जैसे ही तीनों बाइक सवार गांव से पहले ही ढिंडार वाले तालाब के पास पहुंचे, तो वहां लगभग आधा दर्जन बदमाशों ने उन्हें रोक लिया और उनके साथ जमकर मारपीट करते हुए उनसे तीस हजार की रकम लूट ली और फरार हो गए। किसी तरह पीड़ितों ने मामले की सूचना पुलिस को दी, जिस पर भोपा व थाना छपार पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच पड़ताल शुरू कर दी। थाना प्रभारी निरीक्षक विजय सिंह का कहना है कि मामला मारपीट से जुड़ा हुआ है। जांच पड़ताल की जा रही है और आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।



## सिखेड़ा बाईपास पर छोटा हाथी व कार में जबरदस्त टक्कर, 11 घायल, एक रैफर

**मुजफ्फरनगर, 06 फरवरी (बु.)।** गुरूवार की रात सिखेड़ा बाईपास फ्लाई ओवर पर उस समय दुर्घटना हो गयी, जब छोटे हाथी में सवार हलवाई व उनके कारीगर खाना बनाकर मीरापुर कस्बे के शफरपुरा से वापस लौट रहे थे, तभी सामने से आ रही कार संख्या यूपी-16ई-0033 अनियंत्रित होकर उनके छोटे हाथी से टकरा गयी, जिस कारण छोटे हाथी में सवार संदीप, मनोज, सुनीता, रोहित, नीरज को गंभीर चोट आ गयी जिन्हें जिला चिकित्सालय में उपचार हेतु भर्ती कराया गया, जबकि मनोज पुत्र अतर सिंह निवासी मीरापुर को गंभीर अवस्था में जिला चिकित्सालय से मेरठ रैफर कर दिया गया है। मीरापुर के ही रहने वाले संदीप पुत्र राधेश्याम, संगीता पत्नी सुभाष भी मीरापुर के घायल हुए हैं। जिला चिकित्सालय में घायलों की सूची मेंकुछ अन्य नाम जिनमें कोमल, मुनेश, राधा, कांता भी बताई गयी हैं। वहीं यामीन पुत्र नूर मौहम्मद भी घायलों की सूची में शामिल है। कुल मिलाकर उक्त दुर्घटना में 11 लोग घायल हुए हैं।



## भोपा में दुर्घटना में बाइक सवार युवक की मौत, एक घायल

**भोपा, 06 फरवरी (बु.)।** भोकरहेड़ी मजलिसपुर तौफीर मार्ग पर डीसीएम की टक्कर से बाइक सवार एक युवक की मौत हो गई, जबकि उसका साथी घायल हो गया। पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम को भेज दिया। भोपा थाना क्षेत्र के गांव मजलिसपुर तौफीर निवासी 26 वर्षीय अमित परिवार में शादी के चलते गुरूवार की सुबह मोरना मे सामान खरीद कर अपने साथी अनिल के साथ बाईक द्वारा वापस गांव लौट रहा था, जैसे ही वह भोकरहेड़ी मार्ग पर सोलानी नदी के पुल के पास पहुंचा तभी सामने से आ रही डीसीएम ने बाईक में टक्कर मार दी, जिसमें दोनों घायल हो गए। राहगीरों की मदद से घायलों को भोपा अस्पताल भेजा गया, जहां चिकित्सक ने अमित को मृत घोषित कर दिया। पंचनामे के बाद पुलिस ने शव को पोस्ट मार्टम के लिए मोर्चरी भेज दिया। मृतक अपने पीछे पत्नी बबीता चार वर्षीय पुत्र आरव और एक 13 माह के बच्चे को छोड़ गया है। घटना से पिता सुरेश, माता आज्ञावती, भाई अनुज, रकम व बहन रेखा पर गमों का पहाड़ टूट पड़ा।



## बरेली में कंक्रीट मिक्सर वाहन से टकराई कार, तीन की मौत

**बरेली, 06 फरवरी (एजेंसी)।** बरेली के शीशगढ़ में बुधवार देर रात भीषण सड़क हादसा हो गया। उत्तराखंड के उधमसिंह नगर निवासी लोगों की कार सड़क पर खड़े मिक्सर मसाला से टकरा गई। हादसे में तीन लोगों की मौत हो गई। दो लोग घायल हुए हैं। पुलिस ने घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया। शव पोस्टमार्टम के लिए भेजे गए। प्राप्त जानकारी के अनुसार, उधमसिंह नगर निवासी अनिल गुप्ता पुत्र फूल चंद, जयचंद पुत्र रामेश्वरम, सतीश चंद्र पुत्र चरन सिंह कार से अपने किसी परिचित के किसी समारोह में शामिल होकर वापस जा रहे थे। वापस जाते समय रात लगभग साढ़े बारह बजे ग्राम बूंची के पास कार चालक को नींद की झपकी आ गई, जिससे कार अनियंत्रित होकर सड़क किनारे खड़े मसाला मिक्सर से जा टकराई। टक्कर लगने से कार सवार लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायलों को एंबुलेंस से बरेली भेजा। बरेली पहुंचने से पहले ही अनिल गुप्ता पुत्र फूल चंद, जयचंद पुत्र रामेश्वरम, सतीश चंद्र पुत्र चरन सिंह की मौत हो गई। इंस्पेक्टर राधेश्याम ने बताया कि कार में कुल पांच लोग सवार थे जिनमें तीन की अस्पताल ले जाते समय मृत्यु हो गई व दो लोग घायल हुए हैं। मृतकों के शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है व उनके परिजनों को सूचना दे दी गई है।

## कोर्ट परिसर में शौचालय निर्माण में शिकायत, जेई को सौंपी जांच

**मुजफ्फरनगर, 06 फरवरी (बु.)।** पालिका प्रशासन की ओर से मुजफ्फरनगर कोर्ट परिसर में बनाए जा रहे एक सार्वजनिक शौचालय की गुणवत्ता खराब होने की शिकायत मिली है। पालिका ईओ ने एडीजे की शिकायत का संज्ञान लेते हुए जेई निर्माण को मौके पर जांच करते हुए निर्माण कार्य को सुव्यवस्थित करने के निर्देश दिए। स्वच्छ भारत मिशन योजना के तहत नगर पालिका परिषद द्वारा जनपद कोर्ट परिसर में एक सार्वजनिक शौचालय का निर्माण कराया जा रहा है। यहां पर करीब पांच सीट का शौचालय बनाया जा रहा है। बीते दिवस यहां पर बन रहे शौचालय को लेकर एडीजे ने नगर पालिका ईओ डॉ. प्रज्ञा सिंह से शिकायत की है। एडीजे ने ईओ डॉ. प्रज्ञा सिंह को फोन पर शिकायत करते हुए कहा कि यहां पर बन रहे शौचालय में गुणवत्ता का कोई ध्यान नहीं रखा जा रहा है। उनका कहना है कि कोर्ट परिसर में निर्माणाधीन इस शौचालय में ठेकेदार द्वारा निम्न श्रेणी की सामग्री का प्रयोग किया जा रहा है। एडीजे की शिकायत पर पालिका ईओ डा. प्रज्ञा सिंह ने निर्माण विभाग के जेई कपिल कुमार को तुरन्त मौके पर पहुंच कर शौचालय निर्माण की जांच करने के निर्देश दिए है।

NP MZN

**इन्होंने कहा-**



ईओ डॉ. प्रज्ञा सिंह ने बताया कि कोर्ट परिसर में एसबीएम योजना के तहत सार्वजनिक शौचालय निर्माण कराया जा रहा है। इस शौचालय की गुणवत्ता को लेकर एडीजे की ओर से शिकायत की गई है। इस संबंध में जेई निर्माण को जांच करने के निर्देश दिए गए है।

## अखिलेश बोले-मर चुका चुनाव आयोग, सपा ने आयोग को भेजा कफन

**नई दिल्ली, 06 फरवरी (एजेंसी)।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने मिल्कीपुर उपचुनाव को लेकर चुनाव आयोग पर बड़ा हमला बोला है। दिल्ली में संसद जाने से पहले मीडिया से बातचीत में अखिलेश यादव ने कहा कि यह भाजपा का चुनाव लड़ने का तरीका है। चुनाव आयोग मर गया है, सफेद कपड़ा हमें भेंट करना पड़ेगा। मिल्कीपुर विधानसभा उपचुनाव में भाजपा सरकार के इशारे पर लोकतंत्र और निष्पक्ष चुनाव प्रक्रिया की धज्जियां उड़ायी गई। भाजपा और प्रशासन ने कई जगहों पर फर्जी वोटिंग की और जमकर धांधली की।





अखिलेश यादव ने कहा, यह बीजेपी का चुनाव लड़ने का तरीका है। चुनाव आयोग मर गया है, हमें सफेद कपड़ा भेंट करना पड़ेगा। दरअसल, सपा मिल्कीपुर में फर्जी वोटिंग और बूथ से पोलिंग एजेंट को बाहर निकाले जाने का आरोप लगा रही है। इसे लेकर 5 नेताओं का एक प्रतिनिधिमंडल लखनऊ में चुनाव आयोग से भी मिला था। प्रदेश अध्यक्ष श्याम लाल पाल के नेतृत्व में प्रतिनिधिमंडल मुख्य निर्वाचन अधिकारी से शिकायत की। इससे पहले अखिलेश यादव बीजेपी पर लोकतांत्रिक प्रक्रिया को कमजोर करने और उपचुनाव में धांधली करने का आरोप लगाए थे। उन्होंने निर्वाचन आयोग से कार्रवाई की भी मांग की थी। सपा प्रमुख ने आरोप लगाया, बीजेपी ने मिल्कीपुर में बेईमानी के लिए हर तरह के हथकंडे अपनाए। बीजेपी ने मिल्कीपुर उपचुनाव को प्रभावित करने के लिए अराजकता की। पुलिस-प्रशासन का उन्हें खुला संरक्षण मिला। पुलिस-प्रशासन ने बीजेपी को खुली छूट देकर चुनाव आचार संहिता का घोर उल्लंघन किया। अखिलेश यादव ने आगे कहा कि फर्जी मतदान करते हुए कुछ लोगों को समाजवादी पार्टी के प्रत्याशी अजीत प्रसाद ने स्वयं पकड़ा। उन्होंने कहा, रायपट्टी अमानीगंज में फर्जी वोट डालने की बात अपने मुंह से कहने वाले ने साफ कर दिया कि बीजेपी सरकार में अधिकारी किस तरह से धांधली में लिप्त हैं। निर्वाचन आयोग को और क्या सबूत चाहिए। आरोपों पर भारतीय जनता पार्टी ने कहा कि अखिलेश यादव मिल्कीपुर निर्वाचन क्षेत्र में पार्टी के खराब प्रदर्शन के बाद प्रचार की राजनीति में शामिल हो रहे हैं। बीजेपी प्रवक्ता राकेश त्रिपाठी ने कहा कि समाजवादी पार्टी मिल्कीपुर में अपनी हार के बाद हताशा में झूठ फैला रही है। अखिलेश यादव प्रचार की राजनीति के चैंपियन बन गए हैं, जो झूठे ऑडियो, वीडियो और तस्वीरों के माध्यम से अपनी हार का दोष दूसरे पर मढ़ने का प्रयास कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री हार के लिए इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीनों (ईवीएम) को दोषी ठहराएंगे, जैसा कि पिछले चुनावों में अक्सर होता रहा है। बीजेपी ने धांधली के सभी आरोपों को खारिज करते हुए कहा कि मिल्कीपुर उपचुनाव निष्पक्ष और पारदर्शी तरीके से कराया गया।

